


# पिलखा भूमि

PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305

ईमेलः—manishvaidy538@gmail.com







वर्ष 01 अंक 08 संजयनगर (जिला सूरजपुर छ,ग ) से प्रकाशित हिंदी मासिक अप्रैल 2025 पृष्ठ 8 मूल्य 5






# छत्तीसगढ़ में म्यूल खाता धारक गिरोह का खुलासा, बैंक से डेढ महीने में चार करोड का ट्रांजेक्शन





पिलखा भूमि समृद्ध मंडल

बलरामपुर, 23 अप्रैल 2025। छत्तीसगढ़ की बलरामपुर पुलिस ने म्यूल अकाउंट गिरोह एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। इसमें मास्टर माइंड सहित आठ आरोपितों को मध्यप्रदेश के बैढन जिले से रेड कर गिरफ्तार किया है।

आरोपितों द्वारा बलरामपुर जिले समेत आसपास के अन्य जिलों से कई ग्रामीणों एवं स्टूडेंट्स से बैंक अकाउंट खुलवाकर उन्हें देश के विभिन्न राज्यों के साइबर अपराधियों को उपलब्ध करवाया जाता था। इनके द्वारा वर्तमान में ऑनलाइन सट्टा एप काबूक का संचालन किया जा रहा था। जब्त सभी अकाउंट से डेढ़ महीने में आरोपितों ने चार करोड़ का ट्रांजेक्शन किया है। पुलिस ने आरोपितों से तीन लैपटॉप, 23 एंड्रॉयड फोन, 18 इनएक्टिव सिम कार्ड, 46 एटीएम कार्ड, 9 बैंक पासबुक, 4 चेकबुक एवं महिंद्रा थार जब्त की है। जिसकी कुल कीमत तीस लाख रुपये आंकी जा रही है।
एसपी वैभव बेंकर ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि रायपुर पुलिस मुख्यालय के द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित म्यूल अकाउंट धारकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई के लिए समस्त जिलों को आदेश दिया गया था। जिसकी विधिवत जांच उपरांत बलरामपुर क्षेत्रांतर्गत स्थित व्यापारिक बैंकों से जारी हुए म्यूल अक.ाउंट धारकों के विरुद्ध 17 अप्रैल को केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई थी। इसमें पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र के नंदन कुमार रजक (20 वर्ष) निवासी ग्राम बरदर और सामरी पाठ थाना निवासी शोएब खान (31 वर्ष) ग्राम अमटाही को गिरफ्तार कर 17 अप्रैल को जेल भेजा था।
एसपी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान उक्त गिरफ्तार आरो.पितों से पूछताछ एवं संकलित साक्ष्य के विश्लेषण पर क्षेत्र में म्यूल खाता खुलवाकर साइबर अपराधियों तक जानकारी उपलब्ध कराए जाने की जानकारी मिली। जिसके बाद पत्तसाजी के लिए बलरामपुर कोतवाली एवं साइबर सेल की एक विशेष टीम तैयार की गई। पुलिस को धीरे–धीरे सबूत मिलने लगे। इसमें अंबिकापुर से संच.ालित गिरोह की जानकारी पुलिस को मिली। गिरोह के मास्टरमाइंड सचिन कुमार सैनी उर्फ बिट्टू बिहारी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के कॉलेज स्टूडेंट्स एवं अन्य व्यक्तियों के द्वारा म्यूल अकाउंट खुलवाकर खाताधारकों को प्रति अकाउंट चार हजार से बारह हजार रुपये देकर खरीद लेता था। गिरोह के द्वारा सभी बैंक अकाउंट्स की इंटरनेट बैंकिंग और एसएमएस अलर्ट के लिए फर्जी मोबाइल नंबर को बैंक से लिंक करवाया जाता था। बैंक खाता की सभी जानकारी के साथ साथ एटीएम कार्ड और लिंक्ड मोबाइल नंबर को कुरियर के माध्यम से रायपुर भेजकर गिरोह के द्वारा मोटी कमाई की जाती थी। अब रायपुर में सक्रिय ब्रोकर्स के द्वारा उन सभी बैंक अकाउंट्स को देश के अलग अलग साइबर ठगों को बेच दिया जाता था। साइबर ठगों से प्राप्त रकम को कई अकाउंट्स के जरिए ट्रांजेक्शन किया जाता था। जांच में पकड़े गए गिरोह के द्वारा ऑनलाइन बैटिंग एप काबूक की आईडी बनाकर सट्टा भी खेलवाया जाता था। एसपी ने बताया कि सभी आरोपितों को प्ला.निंग कर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के बैढन जिले के एक मकान से पकड़ा है। जिसमें मुख्य आरोपित सचिन कुमार उर्फ बिट्टू बिहारी अंबिकापुर निवासी, आयुष साहू जिला सूरजपुर निवासी, सुखदेव साहू जिला सूरजपुर निवासी, राजेश सोनकर मुंगेली निवासी, अभिषेक जायसवाल अंबिकापुर निवासी, दीपक यादव जश.पुर निवासी, मुकेश जायसवाल कोरबा निवासी, प्रशांत सिंह अंबिक.ापुर निवासी को मंगलवार को गिरफ्तार कर आज बुधवार को जेल दाखिल कर दिया गया है।
पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन लैपटॉप, 23 एंड्रॉयड सेट, 18 इनएक्टिव सिम कार्ड, 46 एटीएम कार्ड, 9 बैंक पासबुक, 4 चेकबुक, एक वाईफाई सेट एवं घटना में इस्तेमाल किए गए महिंद्रा थार वाहन क्रमांक सीजी 13 एटी 7722 को जब्त किया है। जिसकी कुल कीमत 30 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपितों द्वारा डेढ़ महीने में खाते से करीब चार करोड़ रुपए की ट्रांजेक्शन की है। प्रकरण की विवेचना जारी है। आगे भी गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### क्या है म्यूल अकाउंट

एसपी वैभव बेंकर ने बताया कि म्यूल अकाउंट वे बैंक अकाउंट्स होते हैं, जिनका इस्तेमाल साइबर अपराधी ठगी के पैसों को ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। सामान्य भाषा में कहें तो साइबर अपराधी आम लोगों से ठगे हुए पैसों को अपने अकाउंट में ट्रांसफर नहीं करते हैं। वे इन पैसों को पहले किसी म्यूल अकाउंट में ट्रांसफर करेंगे। इसके बाद वे उस पैसों को अलग–अलग बैंक अकाउंट्स में ट्रांसफर करते हैं। यह पूरी प्रक्रिया एक चेन की तरह काम करती है। जिससे ठगी के पैसों को ट्रैक कर पाना मुश्किल हो जाता है।

# महमाया ओपन कास्ट खदान बनेगा रोजगार का गढ़रू कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी 86 नियुक्ति पत्रों का वितरण, डामर फैक्ट्री से आएगा विकास का सुनहरा दौर





पिलखा भूमि संपादक – मनीष वैध

सूरजपुर। भटगांव क्षेत्र के एसईसीएल मुख्य महाप्रबंधक दीलिप कुमार बोबड़े के नेतृत्व में महमाया ओपन कास्ट कोयला खदान परियोजना को शुरू करने की तैयारियाँ जोरों पर हैं। इस ऐतिहा.सिक पहल के तहत, 30 अप्रैल को नगर पंचायत जरही क्षेत्र के 86 पात्र लाभार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।इस गा.ैरवमयी अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन की कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगी। उनकी मौजूदगी से कार्यक्रम को विशेष सम्मान और ऊर्जा मिलने वाली है। राजवाड़े क्षेत्रीय विकास, रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती हैं, और उनकी उपस्थिति इस आयोजन को और भी ऐतिहा.सिक बनाएगी।

### *214 स्थानीयों के सपनों को मिलेगी उड़ान*

एसईसीएल भटगांव द्वारा नगर पंचायत जरही क्षेत्र में 428 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है। इस परियोजना के तहत कुल 214 स्थानीय लाभार्थियों को रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रथम चरण में 86 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे, शेष को बिलासपुर मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के उपरांत अवसर प्रदान किए जाएंगे।

### *भविष्य का सुनहरा द्वाररू डामर फैक्ट्री से 4000 को मिलेगा रोजगार*

महमाया ओपन कास्ट खदान से निकले कोयले का इस्तेमाल प्रस्तावित डामर फैक्ट्री में किया जाएगा, जिसे पुराने महामाया कोल माइंस क्षेत्र में स्थापित करने की योजना है। इस फैक्ट्री के प्रारंभ होने से लगभग 4000 लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियाँ तेजी से बढ़ेंगी और स्थानीय बाजार में नई जान आएगी।

### *व्यापार और विकास को मिलेगी नई उड़ान*

जरही क्षेत्र में महमाया ओपन कास्ट खदान और प्रस्तावित डामर फैक्ट्री के कारण व्यापारिक गतिविधियों में अभूतपूर्व वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। रोजगार मिलने से लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और समग्र क्षेत्र का सामाजिक व आर्थिक परिदृश्य सक.ारात्मक रूप से बदलेगा।

### *स्थानीय जनता में खुशी का माहौल*

रोजगार के अवसरों को लेकर जरही क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की सक्रिय भागीदारी से लोगों को सरकार की विकास नीतियों पर भरोसा और उत्साह दोनों में वृद्धि देखने को मिल रही है।

# नवनिर्वाचित सरपंच के मनमानी से आम ग्रामीण निराश



पिलखा भूमि बलरामपुर संवाददाता . आकाश कुमार विश्वास

पंचायत चुनाव हुए लगभग ढाई महीने पूरे होने को है लेकिन ग्राम पंचायत धनगांव के नव.निर्वाचित सरपंच ममता भगत के द्वारा आज तक ग्राम पंचायत का खाता नहीं खोला जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायत के अनेक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। आमजनों को न तो पेंशन मिल पा रहा है और न ही विकास का कोई कार्य ग्राम पंचायत में हो पा रहा है। भगवान भरोसे ग्राम पंचायत चल रहा है। ग्रामीण लोगों का कहना है कि इस बार नई सोच के साथ सभी गांव वालो ने मिलकर सरपंच ममता भगत को जिताया है ताकि गांव की तरक्की हो सके, समय पर पेंशन मिल सके, गांव वालो को हस्ताक्षर के लिए भट.कना न पड़े लेकिन हुआ इसका उल्टा, बल्कि लोग पहले से ज्यादा परेशान है। सरपंच अपने ही कार्य में व्यस्त रहती है आम लोगों से न तो संपर्क बनाती हैं और न ही गांव में लोगों से मिलती है, गांव में सरपंच का दर्शन आम जनता के लिए दुर्लभ सा हो गया हैं। ग्रामवासियों का कहना है कि कांग्रेस हो या बीजेपी सभी दलों के लोगों ने मिलकर पढ़ा लिखा सरपंच बनाया था ताकि गांव वालो को कोई परेशानी न हो गांव का समुचित विकास हो परंतु अब जनता ही सरपंच को जोह रही हैं।
आज ढाई महीने बाद भी सरपंच ममता भगत के द्वारा अपने निची स्वार्थ के कारण वर्तमान कार्यरत सचिव के साथ ग्राम पंचायत का खाता नहीं खोला जा रहा है । चुकी सभी ग्रामवाशी इस बात से दुखी हैं ग्राम पंचायत निवासियों का कहना है कि जो वर्तमान सचिव है वही इस ग्राम पंचायत का सचिव रहेगा परंतु सरपंच के द्वारा जनभावना का निरादर कर मनमानी किया जा रहा है जिससे छुब्ध होकर सभी पंच एवं ग्रामवासी माननीय राम.विचार नेताम से भेंट कर इस संबंध में चर्चा किए जिसे माननीय मंत्री महोदय द्वारा आश्वासन दिया गया कि जो वर्तमान सचिव है वही आगे भी ग्राम पंचायत धनगांव का सचिव रहेगा। इस दौरान दोनों ग्राम के बुथ अध्यक्ष प्रमथ मालिक रविन्द्र विश्वास बुथ सचिव राजू पाल बुथ मंत्री किशोर मित्र एवं ग्राम पंचायत के समस्त भारतीय जनता पार्टी के सीनियर कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने की सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

## कलेक्टर ने रैंडम लगाई फोन आवेदकों से ली निराकरण की जानकारी विभागवार प्राप्त आवेदनों का तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

पिलखा भूमि संपादक – मनीष वैध



अम्बिकापुर, 29 अप्रैल 2025६ कलेक्टरविलास भोसकर ने जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण को लेकर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विभागवार समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर भोसकर ने रेंडमली हितग्राहियों के पास फोन लगाकर निराकरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली।
उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त सभी आवेदनों का शासन की मंशा के अनुरूप समयपूर्व, विधिवत और शत–प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें।
कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नि.राकरण किए गए आवेदनों की जानकारी हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से दी जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के नि.राकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण प्रकरणों की ऑनलाइन प्रविष्टि अनिवार्य रूप से भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के निर्देश

साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में कलेक्टर विलास भोसकर ने लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर, तय समय–सीमा के भीतर निराकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति से जुड़े प्रकरणों को भी समयबद्ध ढंग से निराकृत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कले.क्टर ने गर्मी के मद्देनजर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पीएचई विभाग को जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य विभाग के अधिकारियों को राशन कार्ड, गैस कनेक्शन सहित अन्य प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए जनपद पंचायत स्तर पर खाद्य निरीक्षकों की तैनाती कर प्राप्त आवेदनों को समय पूर्व निराकरण करने के निर्देश दिए।

### आगामी शिविरों की तैयारियों के निर्देश

कलेक्टर ने जानकारी दी कि आगामी 05 मई से 31 मई 2025 तक चिन्हित स्थानों पर सुशासन तिहार शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने शिविर स्थलों पर पानी, पंडाल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था समयपूर्व पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए।

### उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत

अब तक विभिन्न योजनाओं और मांगों के संबंध में कुल 1,58,491 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 67,247 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 91,244 आवेदन अभी लंबित हैं। लंबित आवेदनों को 4 मई तक शीघ्र निराकरण करने निर्देश दिए।
जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने आवेदन की स्थिति की नियमित जानकारी लेते रहें और आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करें, ताकि उनका आवेदन शीघ्र निराकृत किया जा सके।
इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री अमृत लाल ध्रुव, श्री रामसिंह ठाकुर, निगम कमिश्नर श्री डी एन कश्यप सहित विभागीय अधिकारी–कर्मचारी उप.स्थित रहे।

पिलखा भूमि
सूरजपुर
सूरजपुर से प्रकाशित हिंदी मासिक समाचार पत्र



## हृदय रोग से ग्रस्त बच्चों के लिए नि:शुल्क जांच व उपचार शिविर

**29 अप्रैल को जिला चिकित्सालय सूरजपुर और 30 अप्रैल भैयाथान मंगल भवन में होगा आयोजन**

**–जांच हेतु 9202100332 पर संपर्क करें**




पिलखा भूमि संपादक – मनीष वैध

सूरजपुर 22 अप्रैल 2025 कलेक्टर एस जयवर्धन के दिशा–निर्देशन में आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) और एसईसीएल की परियोजना 'धड़कन' के संयुक्त तत्वावधान में 0 से 18 वर्ष तक के ऐसे बच्चें, जिनमें जन्मजात हृदय रोग के लक्षण हैं, के लिए एक विशेष नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 29 अप्रैल 2025 को सुबह 09:00 बजे से शाम 05:30 बजे तक जिला चिकित्सालय सूरजपुर और 30 अप्रैल को भैयाथान मंगल भवन में आयोजित होगा। इस पहल का उद्देश्य हृदय रोग से पीड़ित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को लाभ पहुंचना है। इस शिविर में रायपुर स्थित सत्य साईं संजीवनी अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। जिन बच्चों में गंभीर लक्षण पाए जाएंगे, उनका नि:शुल्क उपचार और ऑपरेशन सत्य साईं अस्पताल में किया जाएगा।

यदि किसी बच्चे में तेज धड़कन, वजन बढ़ना, शरीर का नीलापन, बार–बार सर्दी खासीं, शांस लेने में तकलीप, स्तनपान पर पसीना आना इत्यादि लक्षण दिखाई देते है तो जिला प्रशासन की अपील है कि आगे की जांच (स्क्रीनिंग) के लिए मों.न. 9202100332 पर संपर्क कर शिविर का नगरवासी लाभ लें।

## जिला अस्पताल सूरजपुर में नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का हुआ आयोजन

### –नया रायपुर बाल्को मेडिकल सेंटर से पहुंचे थे ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. दिवाकर




पिलखा भूमि संपादक – मनीष वैध

सूरजपुर 25 अप्रैल 2025 सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन एवं सी.एम.एच.ओ. डॉ.के.डी. पैकरा एवं सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम के नेतृत्व में आज एक दिवसीय नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय सूरजपुर में किया गया था। जिसमें परामर्श हेतु नया रायपुर बालको मेडिकल सेंटर से विशेषज्ञ के रूप में डॉ. दिवाकर पांडे (ऑन्कोलॉजिस्ट) ने जिला अस्पताल सूरजपुर में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। नि:शुल्क कैंसर शिविर में आये हुए मरीजों का डॉ. दिवाकर पांडे (ऑन्कोलॉजिस्ट) द्वारा कैंसर के लक्षण के आधार पर परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 34 मरीजो का परीक्षण किया गया था। मरीजों को उनके लक्षण के आधार पर जांच एवं आगे की उपचार हेतु सलाह दी गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ,डॉ. संदीप जयसवाल , डॉ. राजेश पैकरा डॉ. वैभव गुप्ता का योगदान रहा।

## उज्जैन ओंकारेश्वर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुए 90 श्रद्धालु




पिलखा भूमि मो साजिद अली

एमसीबी, 11 अप्रैल 2025 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर संचालित तीर्थ दर्शन योजना के तहत् छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा सरगुजा संभाग की प्रथम तीर्थ यात्रा का शुभारंभ आज 10 अप्रैल से किया गया है। इस तीर्थ यात्रा में जिला मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर के कुल 90 तीर्थयात्री उज्जैन, ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर के दर्शन हेतु विशेष बस से रवाना हुए। श्रद्धालुओं को नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव एवं नवनिर्वाचित पार्षदों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस योजना के तहत जिले के सभी जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पंचायत और नगर पालिका क्षेत्रों से 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध महिला–पुरुष, परित्यक्ता एवं विधवा महिलाएं, जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तीर्थ यात्रा के लिए प्राथमिकता में चयनित किया गया है। शासन का उद्देश्य उन लोगों को तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान करना है जो आर्थिक तंगी के कारण स्वयं यात्रा करने में असमर्थ हैं। यात्रा की शुभ शुरुआत के अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्री आर.के. सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा श्रद्धालुओं के सुखद, सुरक्षित व आध्यात्मिक यात्रा की शुभकामना दी गई।

## संपादकीय एवं लेख

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय श्री हरि अखंड संकीर्तन नाम यज्ञ में हुए शामिल

## महाकुल यादव समाज के वृंदावन भवन के विस्तार के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा

पिलखा भूमि संपादक – मनीष वैध

25 अप्रैल 2025 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के बगीचा में महाकुल यादव समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री हरि अखंड संकीर्तन नाम यज्ञ (चौबीस प्रहरी) कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पूजा स्थल पर राधा–कृष्ण, चौतन्य महाप्रभु और गारांग स्वामी की विधिवत पूजा–अर्चना कर छत्तीसगढ़ की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री साय ने श्रद्धाभाव से मंत्र जाप करते हुए पूजा स्थल की परिक्रमा भी की।

### वृंदावन भवन विस्तार के लिए 50 लाख और इंडोर स्टेडियम हेतु 2.75 करोड़ की स्वीकृति

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने महाकुल यादव समाज के वृंदावन भवन के विस्तार के लिए 50 लाख रुपए की घोषणा की। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि बगीचा में इंडोर स्टेडियम निर्माण के लिए पूर्व घोषित 2 करोड़ 75 लाख रुपए की राशि शासन द्वारा स्वीकृत कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, बगीचा नगर पंचायत क्षेत्र में मंगल भवन निर्माण के लिए भी एक करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि इन दोनों निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

### यादव समाजरू सनातन संस्कृति और गौवंश का रक्षक

मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि महाकुल यादव समाज सनातन संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। यादव समाज हमेशा से गौवंश का संरक्षक और पालक रहा है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए शासन द्वारा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से बीपीएल परिवारों को उच्च नस्ल की दुधारू गायों के वितरण की योजना बनाई जा रही है।




मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गई अधिकांश गारंटियों को राज्य सरकार ने अल्प समय में पूरा किया है। सरकार बनने के तुरंत बाद, पहली कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई। अब पात्रता का दायरा बढ़ाकर 'आवास प्लस 2.0' योजना में दुपहिया वाहन धारकों, 15 हजार से अधिक मासिक आय वालों तथा सीमित भूमि धारकों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि 30 अप्रैल तक चलाए जा रहे महाअभियान में सर्वे कराकर अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्रहकों के लिए प्रति मानक बोरा दर बढ़ाकर 5,500 रुपये कर दी गई है। रामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के माध्यम से तीर्थ स्थलों के दर्शन की सुविधा दी जा रही है।पीएससी घोटाले में दोषियों को जेल भेजने की कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। राष्ट्रीय पंचायत दिवस के अवसर पर राज्य के 146 विकासखंडों के 10–10 ग्रामों में सीएससी और चॉइस सेंटरों के माध्यम से ग्राम स्तर पर धन निकासी की सुविधा शुरू की गई है, जिसे शीघ्र पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा।

### नक्सल उन्मूलन, पर्यटन और औद्योगिक विकास की दिशा में ठोस पहल

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की घोषणा के अनुरूप 31 मार्च 2026 तक राज्य को नक्सलवाद से मुक्त करने हेतु वृहद अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है। नवीन औद्योगिक नीति के तहत प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे अनेक बड़े निवेशक राज्य में कारखाने स्थापित कर रहे हैं। साथ ही, वनोत्पादों के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के जरिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर पद्मश्री जगेश्वर यादव, माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, महाकुल यादव समाज सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष श्री परमेश्वर यादव, जिलाध्यक्ष गणेश यादव, भरत सिंह, पार्षद अमन शर्मा सहित महाकुल यादव समाज के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

**ज्ञातव्य है कि महाकुल यादव समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री हरि अखंड संकीर्तन नाम यज्ञ का यह तीसरा वर्ष है। 22 अप्रैल से चल रहे इस भक्ति आयोजन का पूर्णाहुति समारोह 26 अप्रैल को संपन्न होगा।**

## पीएम श्री नवापारा के विद्यार्थियों को सरगुजा संभाग के विभिन्न शैक्षणिक व वैज्ञानिक स्थलों का कराया गया भ्रमण






ब

सूरजपुर 24 अप्रैल 2025 राज्य परियोजना समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेशानुसार पीएम विद्यालयों के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण कराया जा रहा है। पीएम श्री नवापारा सूरजपुर के विद्यार्थियों को सरगुजा संभाग के विभिन्न शैक्षणिक व वैज्ञानिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण टीम का संचालन प्राचार्य मनोज कुमार झा एवं समस्त स्टॉप के नियंत्रण एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दरम्यान छात्रों ने कृषि विज्ञान केंद्र में मुर्गी पालन, एकीकृत सब्जी उत्पादन एवं बागवानी तकनीकों का अवलोकन किया। भ्रमण के अगले चरण में आकाशवाणी अंबिकापुर का दौरा किया गया जहां छात्रों को स्टूडियो, ऑन एयर प्रसारण की समस्त टेक्निकल चीजों को दिखाया एवं इंजीनियर भगत सर के द्वारा समझाया गया। तत्पश्चात संग्रहालय में उत्खनन से प्राप्त पुरातात्विक शिलोको एवं प्राचीन मूर्तियों का अवलोकन किया गया। अंत में संजय पार्क का दौरा किया गया जहां छात्रों ने विभिन्न प्रजाति के पेड़–पौधे जीव–जंतु, पक्षी आदि की जानकारी प्रत्यक्ष अवलोकन कर प्राप्त की।

## छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज के आदर्श विवाह मे शामिल हुई केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े




पिलखा भूमि

रायपुर स्थित ग्राम कांदुल में छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज रायपुर परिझेत्र सामाजिक आदर्श विवाह में सम्मिलित हुई इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू , एवं साहू समाज के सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे

## जेल एवं ग्राम पंचायत पर्री में ''वित्तीय साक्षरता शिविर'' का किया गया आयोजन




पिलखा भूमि संपादक – मनीष वैध

सूरजपुर 25 अप्रैल 2025 विनीता वार्नर, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर, के मार्गदर्शन में आज ''वित्तीय साक्षरता शिविर'' का आयोजन जिला जेल सूरजपुर एवं ग्राम पंचायत पर्री में किया गया। कार्यक्रम में आनंद प्रकाश वारियाल, जिला अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय सूरजपुर, प्रतीक्षा अग्रवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सूरजपुर, अक्षय तिवारी, जिला जेल अधीक्षक, हृदयनारायण श्रीवास्तव, चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल, राजेन्द्र पाठक डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल, शिवपालशरण सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल, अभिषेक भाई पटेल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल साक्षरता शिविर में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आनन्द प्रकाश वारियाल ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (सायबर अपराध सायबर ठगी) के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आप अपने आप को कभी असहाय न समझे अगर आप का कोई मामला न्यायालय में लंबित है और प्रकरण की पैरवी हेतु अपने खर्चे पर वकील रखने में सक्षम नही है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मे सम्पर्क करें आप को जिला न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक विधिक सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था बनाई गई है। जिसका लाभ आप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है।

प्रतीक्षा अग्रवाल ने उपस्थित वक्ताओं को संबोधन करते हुए कहा कोई जन्म से अपराधी नही होता समाज की परिस्थिति व्यक्ति के आर्थिक हालात और अनावश्यक गुस्सा एवं लालच उसे अपराधी बनाते हैं, आगे उन्होने बताया की जेल में निरूद्ध बंदियो के लिए वित्तीय साक्षरता बहुत जरूरी है, क्योकि इससे उन्हे जेल से बाहर आने के बाद वित्तीय चुनौतियों से निपटने में मदद मिलती है। वित्तीय साक्षरता उन्हे वित्तीय रूप से सुरक्षित जीवन जीने और पुनः समाजीकरण प्रकिया में अधिक सफलता प्राप्त करने में मदद करती है।

हृदयनारायण श्रीवास्तव ने कहा गलत तरीके से धन कमाना या आय, कर की चोरी करना अपराध है लेकिन लालच की वजह से लोग कई प्रकार से ठगी कर अपराध कर बैठते है आगे उन्होने वित्तीय लेन–देन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत पर्री में आयोजित कार्यक्रम में सेन्ट्रल बैंक सूरजपुर के मार्गदर्शन में कार्यरत अपराचिता एन्जीओ के कर्मचारियों द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामिणों को विस्तार से जानकरी प्रदान की उक्त कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, सचिव, पैरालीगल वालेंटियर्स अधिकार मित्र एवं ग्राम के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## स्वयं सहायता समूहो के दीदियों के द्वारा नियमित कचरा संग्रहण कार्य किया जा रहा

पिलखा भूमि

सूरजपुर 25 अप्रैल 2025 कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन और जिला पंचायत सी.ईओ कमलेश नंदिन साहू के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर, स्कूल, आंगनबाड़ी, पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल से नियमित कचरा संग्रहण कार्य उन ग्राम पंचायतों में संलग्न स्वेच्छग्रही दीदियों द्वारा किया जा रहा है। भैयाथान की ग्राम पंचायत पहाड़ अमारनी में स्थित धार्मिकध्पर्यटन स्थल सारासोर में अर्चना स्वयं सहायता समूह, जनपद सूरजपुर के ग्राम पंचायत तेलाई कछार के पर्यटन स्थल केनापारा में संगवारी स्वयं सहायता समूह, तिलसीवां में दुर्गा स्वयं सहायता समूह और जनपद प्रतापपुर की ग्राम पंचायत शिवपुर में



गंगा स्वय सहायता समूह की दीदियों द्वारा नियमित कचरा संग्रहण कार्य कर ग्राम और पर्यटन, धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक भी किया जा रहा है।

pilkha bhoomi master file copy adds 26 janu to 15 agasht_manish 4/28/2025 5:53 PM Page 3



## प्रशासन की तत्परता से रोके गए बाल विवाह, सजग निगरानी से बचाया बचपन

पिलखा भूमि ▸ ◂ समृद्ध मंडल



बलरामपुर,20 अप्रैल 2025– बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा पर प्रभावी रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर राज.ेंद्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सी.ईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में सक्रियता से कार्य किया जा रहा है।इसी कड़ी में जिले के विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत घुटराडीह और तरैनी में बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता , पुलिस विभाग के सहयोग द्वारा बाल विवाह रुकवाया गया। तथा नाबालिको के परिवारवालों और रिश्तेरदारों को समझाइश दी गई कि बाल विवाह कानूनी अपराध है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। साथ ही उन्हें बताया गया कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत बाल विवाह में सम्मिलित ला.ेगों पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत भवरमाल में भी दो नाबालिग बालिकाओं के बाल विवाह की सूचना मिलने पर विवाह को रोका गया और सही उम्र होने पर ही बच्चों के विवाह करने की समझाइश दी गई। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न माध्यमों से बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता लाया जा रहा है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से व्यापक प्रचार–प्रसार कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। आगामी अक्षय तृतीया जैसे पर्वों के दौरान संभावित बाल विवाह आयोजनों को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जाएगी जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम एवं तहसील स्तर पर पदस्थ विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी ,महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बाल विवाह रोकथाम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला बाल विकास विभाग अधिकारी बसंत मिंज ने बताया कि यदि किसी को भी अपने आस–पास बाल विवाह की सूचना मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर कॉल कर सूचना दे सकते हैं। जिला प्रशासन ने अपील भी की है कि सभी लोग बाल विवाह रोकने में सहयोग करें।

## पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय भेलवाडीह के विद्यार्थियों को दी गई अध्ययन सामग्री

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सौंपी चाबी

पिलखा भूमि ▸ ◂ समृद्ध मंडल

बलरामपुर 24 अप्रैल 2025 अपने बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका द्वारा विभिन्न शासकीय योजना के तहत हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक सामग्री प्रदान किया गया। राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत महाराजगंज के भाग्यवती कुमारी, ग्राम पकराडी के राजेश कुमार पोया को ट्रायसायकल प्रदान किया गया।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत डौरा के कांता, ग्राम कपिलदेवपुर की भागमनिया सिंह एवं ग्राम कर्री चलगली के पुष्पेंद्र पोर्ते को मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचातय अधौरा के हितग्राही बैजनाथ व श्री देवशरण तथा ग्राम अधौरा खास की निवासी कवलपति को आयुष्मान वय वंदना कार्ड तथा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत पस्ता के टीबी मरीज अनमोल कुजूर, ग्राम चित्तविश्रामपुर के सोनू उरांव एवं ग्राम दहेजवार के मानकुवारी को पोषण आहार के तहत फूड बास्केट प्रदान किया गया। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय भेलवाडीह के विद्यार्थी कुमारी करीना, कुमारी ललीता, कुमारी अजंती, करन कुमार, आशिष कुमार को राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा कॉपी, पेन, कम्पास बॉक्स भी प्रदान किया गया। राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छाग्राही दीदियों को सम्मानित भी किया गया। जिसमें विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत महुआडीह की सितारा स्व–सहायता समूह, विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम पंचातय फुलीडूमर की देवी महिला स्व–सहायता समूह तथा विकासखण्ड कुसमी के ग्राम पंचायत घुटराडीह की पतंजली महिला स्व–सहायता समूह की स्वच्छाग्राही दीदियां शामिल हैं।

इसी प्रकार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विभिन्न महिला स्व–सहायता समूहों को चक्रीय निधि एवं बैंक लिंकेज के द्वारा कुल 68 लाख 70 हजार रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत एक हितग्राही को आवास की चाबी सौंपी गई। हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए राज्यपाल रमेन डेका एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।






## सीतापुर विधायक के निरीक्षण एवं निर्देश के बाद रोड निर्माण में उपयोग किए गई गुणवत्ता हीन मटेरियल को हटाने में जुटी निर्माण कंपनी,

पिलखा भूमि ▸ ◂ संपादक – मनीष वैध

बांसाझाल से कदमहुआ के लिए पीएमजेएसवाई विभाग द्वारा जनमन के तहत 6.600 कि. मी. रोड रोड 399.46 लाख की लागत से बनाया जा रहा था,,
ठेकेदार द्वारा रोड निर्माण कार्य को चालू किया गया था,
जिसमें वह रोड निर्माण के लिए घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा था,
इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा विधायक कार्यालय में विधायक महोदय जी से की गई थी,,
जिसको लेकर सीतापुर विधायक मौके पर पहुंच कर जांच हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया था
,और जांच में गुणवत्ता हीन सामग्री का प्रयोग करते पाया गया था ,



जिसपर उन्होंने तत्काल निर्माण कार्य को रोक दिया और निर्माण कार्य में उपयोग किए जा रहे रहे मैटेरियल को तत्काल उठा कर हटाने के लिए कहा था ,
और गुणवत्ता पूर्वक सामग्री का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया था ,,
अब निर्माण कंपनी द्वारा रोड निर्माण कार्य प्रयोग किए जा रहे घटिया सामग्री का उठाव शुरू कर दिया है,,
निर्माण कंपनी जितने भी रोड निर्माण कार्य में खराब मटेरियल का इस्तेमाल किया गया था
उन सभी सामग्री को रोड से हटाया जा रहा है,,
वही सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो जी ने कहा कि
हमारे क्षेत्र में काम की रफ्तार तेज है,,और चारों तरफ निर्माण कार्य हो रहे हैं,,
अब देखने वालों बात है कि क्या ठिकेदार अपना काम पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कर रहे हैं ,
या अधिकत मुनाफा के लालच काम में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम करेंगे,,
वहीं आगे विधायक महोदय ने कहा कि रोड का निर्माण पूरी गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाए,,
अन्यथा सख्त कारवाही किया जाएगा,,,

## राज्यपाल रमेन डेका पहुंचे सैनिक स्कूल अंबिकापुर, राज्य के पहले एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

### सैन्य अनुशासन व्यक्ति को समयबद्धता, आत्म नियंत्रण और नेतृत्व के गुण सीखाती है-राज्यपाल रमेन डेका

पिलखा भूमि ▸ ◂ संपादक – मनीष वैध





अम्बिकापुर 25 अप्रैल 2025 राज्यपाल रमेन डेका ने आज सैनिक स्कूल अंबिकापुर का दौरा किया। वे पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त (सेना मेडल) के बाद इस प्रतिष्ठित संस्थान का दौरा करने वाले दूसरे राज्यपाल बने। सैन्य परंपराओं से सुसज्जित परिसर में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने उनका स्वागत किया। विद्यालय के कैडेटों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर राज्यपाल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यपाल डेका ने विद्यालय परिसर में राज्य के पहले और एकमात्र सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र कैडेटों को सशस्त्र बलों में भर्ती की प्रक्रिया के लिए व्यावहारिक एवं मानसिक रूप से तैयार करने हेतु स्थापित किया गया है। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय के 'विक्रम बत्रा ब्लॉक' में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का भी अनावरण किया। राज्यपाल महोदय के सम्मान में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने उनका औपचारिक स्वागत करते हुए विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने पूर्व कैडेट अनिमेष कुजूर की हालिया उपलब्धियों और खेल के क्षेत्र में कैडेटों की सफलताओं की जानकारी दी। प्राचार्य ने कहा कि राज्यपाल का यह दौरा सैनिक स्कूलों के महत्व और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संभाग आयुक्त नरेंद्र दुग्गा, पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) दीपक कुमार झा, कलेक्टर विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल, डीएफओ तेजस शेखर, जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग.्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक सहित सैनिक स्कूल के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमन डेका ने कहा, कि जीवन में "सैन्य अनुशासन" आवश्यक है। यह अनुशासन व्यक्ति को समयबद्धता, आत्मनियंत्रण और नेतृत्व के गुण सिखाता है। सैनिक स्कूल इस दिशा में भावी पीढ़ी को सुदृढ़ बनाने का कार्य कर रहा है।" उन्होंने बच्चों को शांत चित्त से निर्णय लेने और निरंतर आत्मविकास की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी। राज्यपाल डेका ने इस अवसर पर उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. पी. श्रीनिवास, स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर, गणित शिक्षक श्री टी. मल्लेश्वर राव, मेस मैनेजर आशीष शरण तथा नर्सिंग परिचारक छोटेलाल यादव को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। सैनिक स्कूल के प्राचार्य ने उन्हें स्मृति चिन्ह भी भ.ेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन उप प्राचार्य डॉ. पी. श्रीनिवास के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने राज्यपाल व समस्त गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त कैडेट, शिक्षक और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सरगुजा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

### स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकीय सुविधाओं का होगा विस्तार, अधिकारियों को दिए निर्देश सीधे मरीजों से बात कर सुविधाओं पर लिया फीडबैक









पिलखा भूमि ▸ ◂ संपादक – मनीष वैध

अम्बिकापुर 23 अप्रैल 2025 स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सरगुजा जिला के एकदिवसीय प्रवास पर रहे। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने तथा आमजनों को मिलने वाली सुविधाओं को देखने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज, विधायक अंबिकापुर श्री राजेश अग्रवाल, विधायक सीतापुर श्री रामकुमार टोप्पो,स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, कलेक्टर विलास भोसकर, सरगुजा संभाग संयुक्त संचालक स्वास्थ्य डॉ अनिल शुक्ला, सीएमएचओ डॉ पी एस मार्को, स्थानीय जनप्रतिनिधियों में भारत सिंह सिसोदिया, जिला प्रशासन के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

**शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा का किया निरीक्षण, मरीजों से बात कर मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं पर लिया फीडबैक–**

सर्वप्रथम शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां चिकित्सकीय सेवाओं जैसे कीमोथेरेपी केन्द्र, सिकल सेल केन्द्र, प्रसव केंद्र, टीकाकरण केन्द्र, मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की उपलब्धता, उपकरणों के उपलब्धता एवं दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी ली। वहीं केंद्र की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ शीला नेताम ने बताया कि यहां प्रतिदिन 300 से अधिक मरीज ओपीडी के लिए आते हैं। केंद्र में 30 बेड की सुविधा है, 2 चिकित्सा अधिकारी सहित 10 नर्सिंग स्टाफ यहां सेवा दे रहे हैं। इसके साथ ही यहां स्पर्श क्लिनिक, सिकलिन क्लीनिक, कीमोथेरेपी, हेल्थ प्रोग्राम आदि की सुविधा मरीजों को दी जा रही है। इस दौरान मंत्री जायसवाल ने उपस्थित मरीजों से बात कर सुविधाओं के सम्बन्ध में फीडबैक लिया। इस दौरान सुविधाओं से संतुष्ट होकर उन्होंने केंद्र की सेवाओं को सराहा। कीमोथेरेपी दीर्घायु वार्ड के निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल को कैंसर कीमोथेरेपी इंचार्ज डॉ हिमांशु गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में यहां 50 से अधिक मरीजों को नियमित कीमोथेरेपी दी जा रही है। जिन्हें कार्ड जारी किया गया है। इसके साथ ही रेग.ुलर जांच एवं कैंसर मरीजों को अन्य चिकित्सकीय सुविधा दी जा रही है। दवाइयों की भी पर्याप्त उपलब्धता है। कीमोथेरेपी के लिए सरगुजा संभाग के दूसरे जिलों के साथ ही झारखंड, बिहार जैसे राज्य के मरीज भी यहां पहुंचते हैं। मंत्री श्री जायसवाल ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में चंदन का पौधा लगाया।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर परसा में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने किया निर्देशित, अन्य सुविधाओं के विस्तार हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश–**

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर परसा में चिकित्सकीय सुविधाओं का आकलन किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों का जायजा लिया तथा रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मरीजों को इलाज के लिए दूसरे केंद्रों में ना जाने पड़े, संस्थागत प्रसव पर फोकस करें, ग्रामीणों को इस हेतु जागरूक करें। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में टीबी, सिकलसेल आदि की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र में शेड एवं शौचालय की मांग पर श्री जायसवाल ने अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ व्यवस्था किए जाने निर्देशित किया। उन्होंने यहां स्वयं ब्लड प्रेशर की जांच करवाया।

**हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भफौली का किया निरीक्षण–**

निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भफौली का निरीक्षण किया। उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता की जांच किया तथा कहा कि मरीजों के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध हो। विभिन्न वार्डों का अवलोकन कर उन्होंने आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मेडिकल स्टाफ उपस्थिति पंजी की जांच कर उन्होंने कहा कि सभी समय पर उपस्थित रहें, ताकि आमजनों को बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके।

**सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा निरीक्षण–**

मंत्री जायसवाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरिमा पहुंचे। उन्होंने यहां दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी, चिकित्सकीय कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष का अवलोकन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में श्री जायसवाल ने प्रसूताओं से मिलकर उनसे बात की तथा इलाज, भोजन की गुणवत्ता, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य सुविधाओं पर जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने अधिकरियों को निर्देशित किया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की निर्माणाधीन भवन का अवलोकन कर तथा ठेकेदार को जल्द से जल्द निर्माण समय सीमा में पूर्ण करवाए जाने निर्देशित किया।

pilkha bhoomi master file copy adds 26 janu to 15 agasht_manish 4/28/2025 5:53 PM Page 4






# पहलगाम आतंकी हमले में दिवंगत, रायपुर के श्री दिनेश मिरानिया की अंतिम यात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय।

पिलखा भूमि रायपुर



उन्होंने पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा पार्थिव शरीर को कांधा देकर अंत्येष्टि कर्म में सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम सभी मिरानिया परिवार के साथ हैं। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करता हूं।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को दंतेवाड़ा हेलीपैड में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत

पिलखा भूमि दंतेवाड़ा,

05 अप्रैल 2025 केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दंतेवाड़ा जिले में आयोजित बस्तर पंडुम कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुँचे। दंतेवाड़ा के पुलिस लाइन कारली में स्थित हेलीपैड आगमन के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा पहुँचे। स्वागत के लिए उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव, विधायक दंतेवाड़ा चौतराम अटामी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों सहित डीजीपी अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव गृह मनोज पिंगुआ, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज सुंद. रराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी गौरव राय सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे

# सूरजमुखी की फसल अपनाने से नरेश मृचंडे की आय में होगी बढ़ोत्तरी

पिलखा भूमि बेमेतरा,



23 अप्रैल 2025 बेमेतरा जिले के ग्राम हरदी के प्रगतिशील किसान नरेश मृचंडे ने पारंपरिक धान की खेती के स्थान पर सूरजमुखी की फसल अपनाकर एक नई दिशा की ओर कदम बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का सकारात्मक असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। कृषक मृचंडे के पास कुल 4.50 हेक्टेयर भूमि है, जिसमें वे अब तक खरीफ और रबी दोनों सीजन में धान की खेती करते थे। परंतु रबी मौसम में ग्रीष्मकालीन धान से लगातार हो रहे घाटे और गिरते जलस्तर ने उन्हें विकल्प तलाशने पर मजबूर किया। इस दौरान ग्राम कृषि विकास अधिकारी जे.के. चंद्राकर के मार्गदर्शन में उन्होंने छडम्व्-ै (नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल दृ ऑयल सीड्स) योजना के अंतर्गत सूरजमुखी की खेती करने का निर्णय लिया। सरकार द्वारा दी गई सहायता जैसे बीज, सूक्ष्म पोषक तत्व, कीटनाशक और तकनीकी मार्गदर्शन ने नरेश जी का आत्मविश्वास बढ़ाया। उन्होंने 2 हेक्टेयर भूमि में सूरजमुखी की फसल लगाई, जिसमें स्वयं के घर में निर्मित कम्पोस्ट खाद का भी उपयोग किया। उचित खेत की तैयारी, समय पर निंदाई–गुड़ाई और कीट नियंत्रण के उपायों के चलते आज उनकी फसल में फूल आ चुके हैं और उपज की संभावनाएं काफी उत्साहजनक हैं। श्री मृचंडे का मानना है कि सूरजमुखी की खेती से कम लागत में अधिक मुनाफा संभव है, साथ ही इससे मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ती है। वे सभी किसानों से अपील करते हैं कि जल संकट को देखते हुए ग्रीष्मकालीन धान की जगह सूरजमुखी जैसी फसलें अपनाएं, जिससे जल संरक्षण भी हो और आर्थिक लाभ भी।उन्होंने यह भी साझा किया कि ग्रीष्मकालीन धान से उन्हें पहले भारी नुकसान उठाना पड़ा था, लेकिन अब सूरजमुखी की फसल से उनकी आय में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। नरेश मृचंडे की यह सफलता, कृषि विविधीकरण और नवाचार को अपनाने की मिसाल है दृ जो आने वाले समय में अन्य किसानों को भी प्रेरित करेगी।

# छत्तीसगढ़ नि:शक्तजन वित्त एवं विकास निगम अब छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम होगा, मुख्यमंत्री साय ने की घोषणा

## दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए तिबद्ध है हमारी सरकार – मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



पिलखा भूमि रायपुर,

,25 अप्रैल 2025 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष लोकेश कावड़िया को नए दायित्व के लिए बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम का नाम परिवर्तित कर छत्तीसगढ़ दिव्यांग जन वित्त एवं विकास निगम करने की घोषणा की। साथ ही मुख्य मंच से इस अवसर पर 15 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋण, 11 दिव्यांग हितग्राहियों को ऋण अदायगी करने पर ब्याज सब्सिडी एवं श्रवण बाधित दिव्यांग को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार दिव्यांगों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांगों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए छत्तीसगढ़ की सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें दिव्यांग बच्चों का सर्वे कर उनके व्यवसाय एवं नए स्टार्टअप के लिए ऋण प्रदान कर मदद करनी चाहिए, ताकि उनके जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार आ सके।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनो के जीवन में खुशहाली लाने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान दंतेवाड़ा जिले में आए थे, तब दिव्यांगजनों से उनका विशेष लगाव देखने को मिला था। आज हमारी सरकार ने बेहद अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ता को इसकी जिम्मेदारी दी है, जिसका सीधा लाभ दिव्यांग साथियों को मिलेगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्रीश्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार श्सबका साथ, सबका विकासश के संकल्पों के आधार पर दिव्यांगों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने एवं उनके कौशल विकास पर जोर दे रही है। इस अवसर पर उन्होंने लोक. `श कावड़िया को नए दायित्व के लिए बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

पदभार ग्रहण समारोह में शासकीय दिव्यांग स्कूल माना के छात्र–छात्राओं द्वारा बहुत ही आकर्षक गीत गाया गया, जिसने सबका मन मोहा।इसके साथ ही राजनांदगांव के दिव्यांग स्कूल के श्रवण बाधित छात्रों द्वारा देशभक्ति नृत्य का मंचन भी किया गया।

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे सहित विभिन्न मंडल आयोगों के अध्यक्षगण, छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अधिकारी–कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में दिव्यांग छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्राम आरला और तोरणकट्टा में हरियाली बहनियों ने निकाली कलश जल यात्रा




पिलखा भूमि राजनांदगांव

25 अप्रैल 2025 राजनांदगांव विकासखंड में ग्राम आरला और तोरणकट्टा में हरियाली बहिनी द्वारा कलश जल यात्रा निकाल कर जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव ने महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों एवं विभिन्न ग्रामों से पहुंचे ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए संकल्प दिलाया। पद्मश्री फूलबासन यादव ने पानी और पर्यावरण के महत्व के संबंध में बताते हुए कहा कि पानी का सदुपयोग करें और अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रबी में धान की जगह कम पानी उपयोग वाली फसल का उत्पादन करने कहा। उन्होंने कहा कि सभी को जल संरक्षण के लिए हर घर में सोक पिट बनाना होगा, जिससे जल का संरक्षण किया जा सके। इस अवसर पर सदस्य जिला पंचायत देवकुमारी साहू, सरपंच साधना साहू, उप सरपंच शशिकला देवांगन, शिव कुमार देवांगन, हरियाली बहिनी, ग्राम संगठन के पदाधिकारी, बिहान केडर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए शहर में निकाली गई रैली

## अग्नि दुर्घटना के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



पिलखा भूमि बिलासपुर,

14 अप्रैल 2025 नगरसेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के निद. `शानुसार दिनांक 14अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। आज से 81 वर्ष पूर्व 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के विक्टोरिया डॉक यार्ड पर एक आयुध से भरे पानी जहाज में अग्नि दुर्घटना हुई थी। इसमें सैकड़ों ला. `गों की जान गई थी। जिसमें लगभग 66 अग्निशमन के कर्मचारी भी शामिल थे। तब से प्रतिवर्ष अग्नि दुर्घटना में शहीद अग्निशमन के कर्मचारी को श्रद्धांजलि देने एवं आम जनता को अग्नि दुर्घटना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 14 अप्रैल से अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इस पूरे सप्ताह में अग्निशमन विभाग द्वारा रैली, बैनर, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता, मॉक ड्रील आदि माध्यम से प्रचार–प्रसार कर आम जनता को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है।

इसी अनुक्रम में आज जिला बिलासपुर में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन 14 अप्रैल को अग्नि सुरक्षा जागरूकता हेतु डी.आई.जी नगरसेना एसडीआरएफ एस. के. ठाकुर द्वारा सवेरे साढ़े 8 बजे हरि झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जिला अगि. नशमन अधिकारी दीपांकुर नाथ के नेतृत्व में फायर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बिलासपुर के मुख्य चौक चौराहे – मुंगेली नाका से प्रारंभ होकर नेहरू चौक–कम्पनी गार्डन–गोल बजार–श्याम टॉकिज–गांधी चौक–तारबहार चौक–श्रीकांत वर्मा मार्ग–व्यापार विहार चौक–रिंग रोड 2–मंगला चौक होते हुये वापस मुंगेली नाका के पास संपन्न हुई। इस फायर रैली कार्यक्रम के द्वारा बिलासपुर की जनता को अग्नि से सावधान रहने, अग्नि से बचाव एवं अग्नि दुर्घटना में क्या करें एवं क्या नहीं करें, इस संबंध में जानकारी दी गई।

रैली के दौरान एस. के. ठाकुर डी.आई.जी. एवं संचालक, एसडीआरएफ प्रशिक्षण केन्द्र परसदा बिलासपुर तथा प्रभारी डिवीजनल कमाण्डेन्ट एवं दीपांकुर सामुएल नाथ जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना बिलासपुर के अतिरिक्त नगरसेना, एसडीआरएफ (परसदा एवं बिलासपुर), फायर के कर्मचारी के अलावा नगरसेना के लगभग 2 सौ महिलाध्पुरूष नगर सैनिकों ने उत्साह के साथ रैली में भाग लिया।

## ग्राम ताराबहरा में जल संरक्षण हेतु ग्रामसभा का ऐतिहासिक संकल्प, प्रत्येक घर में बनेगा वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

एमसीबी 24 अप्रैल 2025 कले. क्टर डी. राहुल वेंकट के निद. `शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम के मार्गदर्शन में आज ग्राम पंचायत ताराबहरा, जनपद पंचायत मन. `द्रगढ़ में एक विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस ग्रामसभा में जल संरक्षण को लेकर एक ऐतिहासिक और सव. `सम्मत संकल्प पारित किया गया। ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि गांव के प्रत्येक घर में वर्षा जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) की संरचना बनाई जाएगी, जिससे बहुमूल्य वर्षा जल व्यर्थ न बहे। साथ ही, जल के महत्व को समझते हुए गांव में जनजागरूकता फैलाने का भी निश्चय किया गया। ग्रामसभा ने यह भी तय किया कि पारंपरिक जल स्रोतों जैसे कुएँ, बावड़ी, तालाब आदि की नियमित सफाई एवं संरक्षण को सभी ग्रामवासी अपना नैतिक कर्तव्य समझेंगे। जल संरक्षण से जुड़े हर कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाने और अगली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए निरंतर जागरूकता फैलाने का भी संकल्प लिया गया। ग्रामसभा के सभी सदस्यों ने यह जिम्मेदारी भी ली कि वे स्वयं, सार्वजनिक एवं शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना की निगरानी करेंगे।गौरतलब है कि इस संकल्प के अनुसार जिले में जनपद पंचायत वार फाइल फोल्डर तैयार कर विशेष वाहक द्वारा 25 अप्रैल को जनपद स्तर पर, 26 अप्रैल को जिला स्तर पर, और 28 अप्रैल को संच. ालनालय को संकलित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, संकल्प लेने वाले सभी व्यक्तियों के फोटोग्राफ भी प्रपत्र के साथ संलग्न कर भेजे जाएंगे।

## ग्राम पंचायत अछोटी में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रका हुआ शुभारंभ

पिलखा भूमि दुर्ग

ग्राम पंचायत अछोटी जनपद पंचायत दुर्ग में "अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र" का आज शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अभिजीत सिंह, सी. ईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे, सीईओ जनपद पंचायत श्री रुपेश पाण्डेय, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा एवं जितेन्द्र यादव, जनपद पंचायत सदस्य बेला यादव, ग्राम पंचायत अछोटी की सरपंच झरना दिल्लीवार, साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर राष्ट्र को संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणजनों को संबोधित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग जिले के कुल 31 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों की भी शुरुआत की गई। यह पहल डिजिटल इंडिया मिशन के तहत ग्राम स्तर पर ई–सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। ।

अब गांव के लोग भी डिजिटल माध्यम से अपनी आवश्यक सेवाएं जैसे जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन आवेदन, मनरेगा से संबंधित जानकारी, बैंकिंग सुविधाएं और अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ अपने ही गांव से उठा सक. `गे।सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे ने जानक. ारी दी कि इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीण अपने खातों से नकद निकासी और जमा कर सकेंगे, बिजली–पानी के बिल भर सकेंगे, पेंशन और बीमा की रकम प्राप्त कर सकेंगे। अब छोटे–छोटे कार्यों के लिए विकासखंड या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। शुभारंभ के पश्चात ग्राम पंचायत अछोटी की निवासी ज्योति दिल्लीवार, सोहन सोनी, मदनीबाई, कमलाबाई, फगुवा, शारदा और राधाबाई ने नकद आहरण कर इस सेवा का पहला लाभ उठाया।

## जल जीवन मिशन के कामों की कलेक्टर ने की समीक्षा

पिलखा भूमि धमतरी,




, 04 अप्रैल 2025 जिले में पानी की निर्बाध रूप से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जल जीवन मिशन अंतर्गत संच. ालित कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने जिले के विकासखण्डों में जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की बारी–बारी से जानकारी ली। उन्हा. `ने विद्युत एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत किये गये कामों में कोई भी काम लंबित न रहें। इन कार्यों को 15 दिवस में पूरा करने के निर्देश विद्युत और क्रेडा विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर ने डूबान क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति की समीक्षा की और क्षेत्र में पेयजल संबंधी समस्याओं के बारे में पूछा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डूबान क्षेत्र में पानी की आपूर्ति हेतु सभी समुचित प्रबंध कर लिये जाये, किसी भी परिस्थिति में इन क्षेत्रों में पानी की कमी न हो। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बनाने से लेकर पाईप लाईन बिछाने और अन्य काम पूरे हो गए हैं, उन गांवों में पानी की आपूर्ति के लिए गांव के एक व्यक्ति को प्रशिक्षण दे। उन्होंने गांवों से मिली पानी की समस्या के निराकरण के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। कलेक्टर ने खराब मोटर पम्प–सोलर पम्प की मरम्मत कराने, जल प्रदाय योजनाओं का बिजली बिल समय पर चुकाने, खराब हेण्डपम्पों की मरम्मत कराने, लीकेज पाईपलाईनों की मरम्मत के साथ–साथ जलस्तर नीचा होने पर बोरवेल में राईजर पाईप बढ़ाने की आवश्यकता जैसे कामों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत विभाग, क्रेडा सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978